तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 20. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 24 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

2 बोनस की चमक से दमकेगा कोरबा का बाजार, धनतेरस पर बरसेगा धन



## खबर संक्षेप

### फर्जी जाति प्रमाण पत्र से योजनाओं का लाभ, दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**जांजगीर-चांपा।** कूटरचित दस्तावेजों के सहारे फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने का मामला सामने आया है। थाना जांजगीर पुलिस ने जितेंद्र बघेल और बैजनाथ बघेल के खिलाफ धोखाधड़ी सहित गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि जितेंद्र बघेल ने खुद को ग्राम मसान निवासी फूल सिंह कंवर का पुत्र बताकर तहसील जांजगीर से जाति व आय प्रमाण पत्र बनवा लिया। इसके बाद अंत्यावसायी विभाग में झूठा शपथ पत्र दिया कि उसने बैंक से कोई ऋण नहीं लिया, जबकि पंजाब नेशनल बैंक से ऋण लिया हुआ था। ऋण लेते समय बैजनाथ बघेल को जमानतदार बनाया गया, जिन्हें शिकायत में जितेंद्र का असली पिता बताया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

### पामगढ़ हत्या कांड में फरार चल रहे 2 आरोपी चढे पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** दो हजार रुपये की उधारी को लेकर हुई मारपीट में युवक शिवा उर्फ भोलेशंकर टंडन की मौत के मामले में पामगढ़ पुलिस ने फरार 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ओमीश कुर्रे उर्फ सोनू उम्र 21 वर्ष और मन कुर्रे उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया।घटना 29 अगस्त को हुई थी। मारपीट में घायल शिवा की 30 अगस्त को रायपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मुख्य आरोपी मन्नू कुर्रे को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

### सक्ती जिले का मामला, मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई

# खरीदी शुरू होने के पहले ही अवैध कारोबार पर शिकंजा, 7 सौ बोरी धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में धान खरीदी का सीजन शुरू होने से पहले ही मंडी विभाग ने अवैध धान परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टेमर फाटक के पास सामान्य जांच के दौरान करीब 700 बोरी धान से भरा ट्रक जब्त किया गया है। इस सीजन में जिले में अवैध धान परिवहन पर यह पहली बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। ट्रक में वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर मंडी अमले ने धान को जब्त कर मंडी एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक और कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 23 अक्टूबर को सक्ती के टेमर फाटक के पास मंडी विभाग की टीम सामान्य निरीक्षण कर रही थी। तभी वहां से गुजर रहे एक ट्रक को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान ट्रक के अंदर करीब 700 बोरी धान लोड मिला। पूछताछ में पता चला कि यह धान बम्हनीडीह स्थित कान्हा राइस मिल से नवापारा कला स्थित रुकमणी राइस मिल ले जाया जा रहा था, लेकिन परिवहन के दौरान चालक धान से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज, बिल या परमिट प्रस्तुत नहीं कर पाया। दस्तावेजों के अभाव में इसे अवैध परिवहन मानते हुए मंडी विभाग ने ट्रक सहित पूरे धान को जब्त कर लिया। अधिकारियों के अनुसार जब्त धान पर मंडी अधिनियम के तहत पांच गुना मंडी टैक्स वसूलने की प्रक्रिया की जाएगी। विभाग का कहना है कि धान खरीदी सीजन में किसानों के हितों की रक्षा और अवैध धान की आवक रोकने के लिए आगे भी इसी तरह चेकिंग अभियान जारी रहेगा और अवैध परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



कार्रवाई करने पहुंचे अफसरों की टीम।



धान से लोड जब्त ट्रक।

इस संबंध में सक्ती मंडी के सचिव प्रेम कुमार का कहना है कि धान के परिवहन को लेकर जानकारी मिली है। जिसके आधार पर टीम द्वारा परिवहन को लेकर दस्तावेज मंगाए गए। इसे लेकर चालक द्वारा किसी तरह का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिसके आधार पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 7 सौ क्विंटल जब्त किया गया है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# कैथा में महिला की निर्मम हत्या से सनसनी, पड़ोसी पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद



थाना क्षेत्र के कैथा गांव में गुरुवार रात एक 45 वर्षीय महिला की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान लक्ष्मीबाई विश्वकर्मा के रूप में हुई है। परिजनों ने गांव के ही पड़ोसी रंजीत धनवार पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है, जिससे गांव में दहशत का माहौल है। हसौद पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

परिजनों के अनुसार घटना गुरूवार 22 अक्टूबर की रात करीब 9:30 बजे की है। आरोपी रंजीत धनवार महिला के घर पहुंचा और विवाद करने लगा। उस समय घर में महिला की दो नाबालिग नातिनें मौजूद थीं, जो डर के कारण घर से बाहर निकल गईं। आरोप है कि इसके बाद महिला के साथ मारपीट करते हुए उसे घर से करीब 50 मीटर दूर खेत के पास ले जाया गया और पेट, हाथ, कमर सहित शरीर के कई हिस्सों पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया गया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, बाद में परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका के चार बेटे रबी, सोमनाथ, विशाल और कुरु हैं। पति सहित परिवार के अन्य सदस्य रोजगार के लिए बाहर गए हैं। महिला अपने छोटे बेटे कुरु और दो नातिनों के साथ रह रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि रात में चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो महिला खून से लथपथ पड़ी थी। परिजनों का कहना है कि दो नाबालिग बच्चियों ने आरोपी को विवाद करते देखा है, जो जांच में अहम गवाह बन सकती हैं। गांव में इस वारदात के बाद महिलाओं में भय का माहौल है और लोग आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।मामले की गंभीरता को देखते हुए सक्ती एसपी प्रफुल्ल ठाकुर स्वयं कैथा पहुंचे, घटनास्थल का जायजा लिया, परिजनों से जानकारी ली और हसौद पुलिस को त्वरित जांच, साक्ष्य संकलन और आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के कड़े निर्देश दिए। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# रुपए नहीं देने पर युवक पर हमला, 4 के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर के हनुमान धारा जाने वाले रोड पर सद्दू चौक में चार युवकों ने मिलकर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी जिससे घायल युवक अपनी जान बचाकर चांपा थाने पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराया गया घटना को लेकर चांपा पुलिस जांच में जुट गई हैं।

मिली जानकारी के अनुसार रमन कंसारी गुरूवार 22 अक्टूबर की शाम लगभग 6 बजे कॉलेज रोड स्थित पेट्रोल पंप में पेट्रोल भरवा कर वापस अपने घर जा रहा था जहां बीच रास्ते में मान्य भवन के समीप सद्दू चौक में चार युवक संगम यादव, सोमेश यादव, मिनी यादव एवं परमेश्वर रजक ने मिलकर अपने भाई को पैसे नहीं देने की बात पर बेल्ट से मारा। वही परमेश्वर रजक ने रोड के पास रखे पत्थर से जान से मारने की नीयत से पत्थर से रमन कंसारी के ऊपर हमला कर दिया। रमन कंसारी अपने आप को बचाते हुए अपने दोस्त के पास पहुंचा अपने परिवार वालों को जानकारी दी। घटना की जानकारी देते हुए अपराध पंजीबद कराया गया। तत्काल पुलिस एक्शन में आते हुए आरोपियों की पताशाजी में जुट गई हैं। आरोपियों द्वारा बेल्ट और पत्थर से मारने से पीड़ित के हाथ पर पीठ सहित अन्य जगहों पर चोटें आई है जिसका उपचार जारी है। बहरहाल घटना को लेकर चांपा पुलिस जांच में जुट गई है।



## खबर संक्षेप



### नेवसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण का हुआ भूमिपूजन

**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवसा में गुरुवार को 39 लाख 95 हजार की लागत से डीएमफ मद अंतर्गत स्वीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने किया। भूमिपूजन पश्चात उपस्थित ग्रामीणों को विधायक श्री पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम नेवसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण व सुचारू रूप से संचालित होने पर ग्रामवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा स्थानीय स्तर पर चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, पाली जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि शोभा सिंह जगत, सरपंच श्रीमती शारदा देवी कंवर, पूर्व सरपंच धरम सिंह कंवर, शिवलाल यादव, हबीब खान, भुवन यादव, कुंवर गोंड, अजय गोंड, जमुना प्रसाद यादव, पवन देव पटेल, श्रीमती लता नवरंग, डॉ. सीमा, श्रीमती पूर्णिमा गोंड, नरेश निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### धूमधाम व गाजे बाजे के साथ नम आँखों से हुआ मां की प्रतिमा का विसर्जन



**हरदीबाजार।** नवरात्र के 9 दिन तक प्रतिदिन सेवा , आराधना एवं अलग-अलग कार्यक्रम करने के पश्चात दुर्गा मैया की प्रतिमा का धूमधाम से गाजे बाजे के साथ विसर्जन किया गया। बस स्टैंड के दुर्गा पंडाल से दुर्गा माता के प्रतिमा को बस स्टैंड से कॉलेज चौक, कॉलेज चौक से बस स्टैंड होते हुए बस्ती रोड हरदीबाजार के तालाब में माता की प्रतिमा को विधि विधान से पूजा पाठ करते हुए विसर्जन किया गया। इस अवसर पर मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर,सचिव विनय चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, आचार्य हीरालाल पांडेय, सुरेंद्र राठौर, सुर्या यादव,दुर्गेश डिक्सेना, पंकज धुरवा, बजरंग यादव, नरेंद्र अहीर,तरुण डिक्सेना, रमेश राठौर,जयप्रकाश राठौर, वीरेंद्र पटेल ,डॉ गणेश प्रभुवा, यशवंत राठौर, ब्यास राठौर,आशीष अग्रवाल, कमल श्रीवास, यदुराज राठौर, देवेश शर्मा,राजू गुप्ता,बंटी राठौर, पंडा रमेश दास महंत,आनंद सिंह, महावीर डिक्सेना,हेम साहू, नवल राठौर,रामलाल प्रजापति,यक्ष आदित्य, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

### युवा दुर्गोत्सव समिति बालको में मनाया गया दुर्गा उत्सव



**कोरबा।** युवा दुर्गोत्सव समिति सेक्टर-4 बालको नगर द्वारा इस वर्ष दुर्गा उत्सव को विशेष आकर्षण और भव्यता के साथ मनाया गया। समिति की ओर से आयोजित भव्य डांडिया उत्सव में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन में भक्तिमय वातावरण के साथ उत्सव और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। इस वर्ष सेक्टर-4 के दुर्गा पंडाल में पहली बार माँ दुर्गा के नवदुर्गा स्वरूपों को एक साथ विराजित किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। माता रानी के नौ स्वरूपों के एक साथ दर्शन कर भक्तों ने स्वयं को धन्य महसूस किया। पंडाल की आकर्षक साज-सज्जा और धार्मिक वातावरण ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ाया। सेक्टर-4 का दुर्गा पंडाल वर्षों से अपनी विशेष एवं आकर्षक लाइटिंग के लिए जाना जाता है। हर वर्ष यहां की रोशनी, सजावट और पंडाल की भव्यता लोगों को आकर्षित करती है। इस बार भी आकर्षक विद्युत सज्जा, माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों के दर्शन और भव्य डांडिया आयोजन ने उत्सव को यादगार बनाया।

### ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत

**कोरबा।** नगर पंचायत छुरी स्थित स्कूल के पास एक ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान राकेश रजक पिता विदेशी रजक, निवासी दर्री के रूप में की गई। बताया जा रहा है कि राकेश छुरी से अपने घर दर्री लौटने के लिए निकला था। इसी दौरान नगर पंचायत छुरी के स्कूल के पास ट्रेलर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के तुरंत बाद युवक को कटघोरा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर दुर्घटनाकारित वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बोनस की चमक से दमकेगा कोरबा का बाजार, धनतेरस पर बरसेगा धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## वाहन, सराफा और इलेक्ट्रानिक्स कारोबारियों ने कसी कमर

**खास बातें**

- नए मॉडल और आकर्षक ऑफर से ग्राहकों को लुभाने की चल रही है पूरी तैयारी



त्योहारों की खुशियां इस बार कोरबा के बाजार में कारोबार की नई रफ्तार लेकर आने की उम्मीद जगा रही हैं। शासकीय और निजी संस्थानों में बोनस मिलने के बाद कर्मचारियों और उनके परिवारों का उत्साह बढ़ा है। धनतेरस और दीपावली पर बड़ी खरीदारी की तैयारी के बीच शहर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। खासकर ऑटोमोबाइल, सराफा और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में कारोबारियों को बंपर बिक्री की उम्मीद है।

धनतेरस पर खरीदारी को शुभ मानने की परंपरा के चलते बड़ी संख्या में परिवारों ने वाहन, सोने-चांदी के आभूषण, सिक्के और इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने की योजना बनाई है। कई ग्राहक मनपसंद मॉडल और डिजाइन पहले से तय कर रहे हैं, वहीं शुभ मुहूर्त में डिलीवरी लेने के लिए अग्रिम बुकिंग भी कराई जा रही है। त्योहार के अंतिम दिनों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए कारोबारियों ने भी स्टॉक और ऑफर्स को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। त्योहारी कारोबार में ऑटोमोबाइल सेक्टर सबसे अहम हिस्सेदारों में शामिल है। कार और बाइक खरीदने के लिए धनतेरस के मुहूर्त को प्राथमिकता देने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए शोरूम संचालकों ने नए मॉडल और अलग-अलग बजट के विकल्प तैयार रखे हैं। जानकारी के अनुसार, वाहन कारोबारियों ने 30 हजार से अधिक वाहनों का स्टॉक मंगाया है। पसंदीदा मॉडल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ग्राहक पहले से बुकिंग करा रहे हैं, ताकि धनतेरस के दिन शुभ मुहूर्त में वाहन की डिलीवरी ली जा सके।

### सोने-चांदी के सिक्कों से लेकर नए डिजाइन की ज्वेलरी तक

धनतेरस पर सोना-चांदी खरीदने की परंपरा सराफा बाजार के कारोबार की सबसे बड़ी उम्मीद है। ज्वेलरी शोरूम में नए डिजाइन के आभूषणों के साथ सोने-चांदी के सिक्के भी उपलब्ध कराए गए हैं। ग्राहक अपनी जरूरत और बजट के हिसाब से खरीदारी की योजना बना रहे हैं। कारोबारियों को उम्मीद है कि बोनस की राशि का एक हिस्सा इस बार सोने-चांदी की खरीदारी में भी आएगा।

### टीवी, फ्रिज, मोबाइल से वॉशिंग मशीन तक मांग

घरों की जरूरत और आधुनिक जीवनशैली से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की मांग भी त्योहारों के दौरान बढ़ने की उम्मीद है। टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, मोबाइल फोन सहित अन्य उत्पादों के नए मॉडल बाजार में उपलब्ध हैं। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों ने विशेष ऑफर और विभिन्न खरीद योजनाएं भी रखी हैं। बोनस मिलने के बाद घरेलू उपयोग के सामान की खरीदारी बढ़ने की उम्मीद से इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारियों में भी उत्साह है।

### नवरात्रि से शुरू हुई रौनक, अब धनतेरस पर नजर

नवरात्रि से शुरू हुआ त्योहारी कारोबार अब धनतेरस और दीपावली के सबसे बड़े खरीदारी दौर में प्रवेश कर चुका है। बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है और कारोबारी धनतेरस के दिन बड़ी बिक्री की उम्मीद लगाए बैठे हैं। बोनस की रकम, खरीदारी की परंपरा और त्योहार का उत्साह—तीनों का मेल इस बार कोरबा के बाजार को नई रफ्तार दे सकता है। अब नजर धनतेरस के कारोबार पर है कि ग्राहकों की जेब से निकली रकम बाजार की चमक को कितनी ऊंचाई देती है।

## दशहरे पर लायंस क्लब कटघोरा-छुरी ने किया भंडारे का आयोजन

# 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद




भोग प्रसाद बांटते क्लब के पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

विजयादशमी दशहरा के पावन अवसर पर लायंस क्लब कटघोरा-छुरी द्वारा नगर में सेवा, समर्पण और सामाजिक सद्भाव की अनुपम मिसाल प्रस्तुत करते हुए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक जगन्नाथ प्रसाद मित्तल के आतिथ्य में उनके निवास के बाहर मुख्य मार्ग पर आयोजित इस भंडारे में 5 हजार से अधिक नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, उत्साह और सेवाभाव का वातावरण बना रहा। क्लब के इस सेवा कार्य की नगरवासियों ने मुक्तकंठ से सराहना की।

दशहरा के अवसर पर आयोजित भंडारे का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। सर्वप्रथम जगन्नाथ प्रसाद मित्तल ने मातारानी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात शाम 6 बजे से भंडारे की शुरुआत हुई, जो निरंतर रात्रि 10 बजे तक चलता रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी, श्रद्धालु एवं राहगीर पहुंचे और श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में उमड़ी नागरिकों की भीड़ ने आयोजन की व्यापकता और लोगों के बीच सेवा भावना के प्रति सम्मान को दर्शाया। आयोजन स्थल पर पूरे समय उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। क्लब के सदस्यों ने सेवाभाव के साथ व्यवस्थाओं में सहभागिता निभाई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण में सहयोग किया। लायंस क्लब कटघोरा-छुरी द्वारा आयोजित इस भंडारे का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में सेवा, सहयोग, भाईचारे और सामाजिक समरसता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। दशहरा जैसे पावन पर्व पर आम नागरिकों के लिए भंडारे का आयोजन कर क्लब ने सामाजिक दायित्वों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

### जनसेवा की भावना के साथ हुआ आयोजन

रात 10 बजे तक चले इसभंडारे में 5 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन को सफल बनाया। लायंस क्लब कटघोरा-छुरी का यह आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक एकजुटता और जनसेवा के समन्वय का उदाहरण बना। दशहरा के पावन पर्व पर आयोजित इस सेवा कार्यक्रम ने नगर में सकारात्मक संदेश दिया कि सामूहिक प्रयास और सेवाभाव से समाज में सद्भाव, सहयोग एवं मानवीय मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकता है। आयोजन में रीजन पी आर ओ अजय धनोंदिया क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, घनश्याम शर्मा, सुधीर पाण्डेय, अतुल मित्तल, वीकेश अग्रवाल, मुकेश मोटवानी, मुकेश गुप्ता, विशेष मित्तल, हरि दिवाकर, अजय श्रीवास्तव, लव मित्तल, संदीप चौबे, शंकर अग्रवाल, आशीष धनोंदिया, अर्पित मित्तल, आशीष अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

### अतिथियों एवं क्लब सदस्यों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर लायंस क्लब के रीजन पीआरओ अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित क्लब के सभी सदस्य एवं नगर के अनेक नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए सेवा कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्व केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये पर्व समाज के लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने, जरूरतमंदों की सहायता करने और सामूहिक सहभागिता की भावना को मजबूत करने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

## मां दुर्गा को दी विदाई, बाजे-गाजे के साथ निकली विसर्जन यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा की आराधना का दस दिवसीय महोत्सव बुधवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान नगर के विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। पूरे नवरात्र और दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

महोत्सव के अंतिम दिन पूजा पंडालों में हवन-पूजन के साथ मां दुर्गा की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने परिवार, समाज और जिले की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद मां की आरती उतारी गई और पूजा के दौरान हुई भूल-चूक के लिए क्षमा याचना की गई। अगले वर्ष फिर से आगमन की प्रार्थना करते हुए श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। कटघोरा नगर में नौ स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। बुधवार को सभी पूजा पंडालों से विसर्जन यात्राएं निकाली गईं। गायत्री दुर्गोत्सव समिति, बाजार मोहल्ला, दुर्गा मंदिर, चांदनी चौक पुरानी बस्ती, मोहलाइन भाटा, नवागांव, तहसील भाटा, अंबिकापुर मुख्य मार्ग और महागौरी मंदिर से प्रतिमाओं एवं जवारा विसर्जन की यात्रा निकाली गई। सभी यात्राएं कटघोरा के शहीद वीर नारायण चौक पर एकत्रित हुईं। इसके बाद बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़ों और मां दुर्गा के जयकारों के साथ श्रद्धालु सामूहिक रूप से राधासागर के लिए रवाना हुए। विसर्जन यात्रा के दौरान श्रद्धालु डीजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते नजर आए। मां के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां भी साझा कीं।

# 80 फीट ऊंचे रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



अतिथि को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

नगर में विजयादशमी का पर्व गुरुवार को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में नगर के मेला मैदान में 80 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन देखने के लिए कटघोरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। विशाल जनसमूह की मौजूदगी में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में आतिशबाजी और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

इस वर्ष रावण दहन की खास बात यह रही कि रावण के दसों सिरों के मुंह से आग के गोले निकल रहे थे। इस नजारे ने उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रावण दहन से पहले हुई शानदार आतिशबाजी ने भी लोगों का मन मोह लिया। जैसे ही विशाल रावण का दहन हुआ, पूरा मेला मैदान जयकारों और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल मुख्य अतिथि तथा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को दशहरा पर्व की बधाई देते हुए असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के संदेश को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राज जायसवाल ने की। दशहरा उत्सव को खास बनाने के लिए समिति की ओर से भिलाई के आर्केस्ट्रा और छत्तीसगढ़ लोककला मंच के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के समापन पर नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

# दशहरा उत्सव में हिंदी संगीत और छत्तीसगढ़ी लोककला का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते दर्शक।

दशहरा उत्सव के अवसर पर रावण दहन के बाद आयोजित सांस्कृतिक संध्या में हिंदी संगीत और छत्तीसगढ़ी लोककला का संगम देखने को मिला। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में जहां हिंदी गीतों की मधुर धुनों और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनोरंजन किया, वहीं छत्तीसगढ़ी लोकगीतों और पारंपरिक लोककलाओं ने क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। विविध रंगों से सजी इस सांस्कृतिक संध्या में दर्शकों ने देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, उमंग और उल्लास का माहौल बना रहा।

दशहरा उत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ रात 8 बजे भिलाई से पहुंचे टी. विशाल बॉबी आर्केस्ट्रा की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ। आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने हिंदी गीतों और सुरीले संगीत के माध्यम से कार्यक्रम में संगीत की खूबसूरत छटा बिखेरी। लोकप्रिय गीतों की धुनों ने दर्शकों को आकर्षित किया और आयोजन स्थल पर उत्सवी माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। संगीत की मधुरता और कलाकारों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की शुरुआत से ही दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचे रखा। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति की अध्यक्षता कर रहे राज जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, गोपाल शर्मा, अशरफ मेमन, चंदन बघेल, राजीव लखनपाल, संजय अग्रवाल, संजय शर्मा, पवन अग्रवाल, नरेंद्र मित्तल, सतीश धनोंदिया, आकाश शर्मा, अशोक दुबे, मुकेश गोयल, अजय धनोंदिया, शारदा पाल, राहुल डिकसेना, मनोज नायडू, विष्णु जस्यसवाल, लक्ष्मी गर्ग, केशव अग्रवाल, डॉ हरि दिवाकर, मुरली साहू, रवि डिकसेना, गोपाल गोस्वामी आदि ने सहयोग किया।

# वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान को गति देने बिहार जाएंगे जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जयसिंह अग्रवाल

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे दो माह के राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को बिहार के शिवहर, सीतामढ़ी तथा मधुबनी पूर्व एवं मधुबनी पश्चिम संगठनात्मक जिलों का केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार श्री अग्रवाल शीघ्र ही बिहार के इन जिलों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे प्रत्येक जिले में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, वरिष्ठ पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, बूथ लेवल एजेंटों, फ्रंटल संगठनों एवं अभियान से जुड़े प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग बैठक कर अभियान की तैयारियों की समीक्षा करेंगे तथा आगामी कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां तय करेंगे। बैठकों में विशेष रूप से मतदाता सूची के सत्यापन, एसआईआर के माध्यम से हटाए गए या प्रभावित मतदाताओं की पहचान, वोट रक्षक पोर्टल के उपयोग, बूथ स्तर पर सत्यापन, ग्राम स्तरीय चौपालों तथा जनजागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने पर चर्चा की जाएगी। श्री अग्रवाल यह भी सुनिश्चित करेंगे कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम प्रत्येक जिले में निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी गंभीरता और सक्रियता के साथ संचालित हों। अभियान के आगामी चरण में 25 अक्टूबर से वोट बचाओ–देश बचाओ चौपाल का आयोजन प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत जिला मुख्यालयों पर संयुक्त प्रेस वार्ता, ब्लॉक स्तर की बैठकें, बूथ लेवल एजेंटों एवं वोट रक्षक कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण तथा बूथवार मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा।

# लापता मासूम की जंगल में मिली लाश हत्या कर लाश को लगाया गया ठिकाने

**कोरबा।** रजगामार बस्ती में रहने वाली एक सात वर्षीय मासूम बच्ची अपने घर से लगभग 300 मीटर दूर दुकान में सामान लेने गई थी। जहां से वह अचानक लापता हो गई थी। पिछले चार दिनों से पुलिस व परिजन मासूम की तलाश में जुटे हुए थे। इस बीच गुरुवार की दोपहर मासूम का शव उसके घर से लगभग 500 मीटर दूर जंगल में एक पेड़ के नीचे से बरामद कर लिया गया है। मासूम के साथ पहले दुष्कर्म कर हत्या करने की आशंका जतायी जा रही है। फिलहाल पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। पुलिस के आला अफसरों का कहना है कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि मासूम के साथ कोई अनहोनी हुई है या नहीं। लेकिन जिस परिस्थिति में लाश मिली है इससे यह साफ है कि मासूम की हत्या कर उसकी लाश को ठिकाने लगाया गया है। पुलिस को क्षेत्र में रहने वाले एक युवक पर संदेह है जिसकी सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है।

उल्लेखनीय है कि रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत रजगामार बस्ती स्थित करीम पोल्ट्री फार्म में काम करने वाले प्रकाश जोशी की सात वर्षीय मासूम पुत्री भाव्या जोशी 19 अक्टूबर की दोपहर लगभग 2 बजे अपने घर के समीप स्थित दुकान से सामान लेने के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। बच्ची के नहीं लौटने पर परिजन चिंतित हो गए और उसकी तलाश शुरू की। लेकिन काफी देर खोजबीन के बाद भी मासूम का पता नहीं चला। जिसके बाद इसकी सूचना रजगामार पुलिस को दी गई थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस के आला अधिकारियों की टीम पिछले 4 दिनों से मासूम की तलाश में जुटी हुई थी। इस बीच गुरुवार की दोपहर लगभग एक बजे प्रकाश जोशी के घर से लगभग 500 मीटर दूर नदी किनारे हर्रा पेड़ के नीचे भाव्या का शव पड़ा हुआ था। परिजन जब जंगल में उसकी तलाश कर रहे थे तब उनकी नजर पड़ी। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस के अफसरों को दी गई। जहां लाश मिलने की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी व फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। देर शाम होने के कारण मासूम के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। पुलिस के आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि प्रारंभिक जांच के दौरान मासूम के साथ दुष्कर्म की आशंका जताई गई है। जिसके बाद उसे मौत के घाट उतारा गया है। पुलिस के चंगुल से बचने के लिए हत्यारे ने नदी किनारे जंगल में उसके लाश को ठिकाने लगाने का प्रयास किया है। पुलिस के आला अधिकारियों की टीम मासूम की मौत के मामले में पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि मासूम के साथ दुष्कर्म हुआ है या नहीं। मासूम के गरदन पर चोट के निशान पाए गए हैं। जिससे यह साफ है कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस को क्षेत्र में रहने वाले एक युवक पर संदेह है। जिसकी पुलिस खोजबीन में जुटी हुई है। पुलिस जल्द ही इस संदिग्ध मौत के मामले को सुलझाने का प्रयास करेगी। फिलहाल पुलिस मामले को लेकर विभिन्न एंगलों पर तहकीकात में जुटी हुई है।

### भ्रामक विज्ञापनों से बचें कोचिंग संस्थान

**कोरबा।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार व्यवहार पर रोक लगाने के लिए जिला कलेक्टरों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जिले के कोचिंग संस्थानों और कोचिंग केंद्रों को कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम संबंधी दिशा-निर्देश, 2024 का पालन करने और भ्रामक प्रचार बंद करने के लिए कहा गया है।








# प्रताप का टीजर जारी, इस बार शिकारी खुद हुआ शिकार

**मुंबई।** फिल्म 'प्रताप' का टीजर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। फिल्म में अभिनेता अमित साध मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में एक पुलिसवाला और उसके पीछे चलती साजिश को दिखाया गया है। यह पुलिस ऑफिसर एक ब्लास्ट केस में फंसा हुआ है। इस केस की वजह से उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाता है। मगर वह हार नहीं मानता। जेल में रहते हुए भी वह खुद को बेगुनाह साबित करने के लिए कानून का सहारा लेता है।फिल्म प्रताप का लेखन और निर्देशन सचिन सारफ कर रहे हैं वहीं, फिल्म का निर्माण प्रदीप रंगवानी और यूवी फिल्म्स कर रहे हैं।

## लाइफ Style

# ईशा

## कलाकार को वक्त के साथ बदलना जरूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ईशा कोप्पिकर ने अपने फिल्मी कॅरियर के बारे में बात की है। उन्होंने इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में अपने अब तक के सफर और बदलते समय के साथ खुद को ढालने की अहमियत पर बात की।

तेलुगु और तमिल सिनेमा में अपने शुरुआती काम से लेकर 'कंपनी' और 'एक विवाह ऐसा भी' जैसी बॉलीवुड फिल्मों तक, ईशा कोप्पिकर ने इस बात पर जोर दिया कि इंडस्ट्री में लंबा कॅरियर बनाए रखने के लिए एक एक्ट्रेस के तौर पर लगातार एक्टिव रहना बहुत जरूरी है। इस बीच एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने बताया कि उन्हें 'दिल चाहता है' रिजेक्ट करने का पछतावा है। ईशा कोप्पिकर ने बताया कि उम्र के साथ कलाकारों को खुद में बदलाव क्यों लाना चाहिए। एक बातचीत में अपने सफर को याद करते हुए, ईशा ने एक कलाकार के तौर पर चर्चा में बने रहने के बारे में अपने विचार शेयर किए, 'एक कलाकार के रूप में आप जो सबसे अच्छा काम कर सकते हैं। वह है उम्र के साथ खुद को ढालना और आगे बढ़ना। कलाकार के तौर पर हमें अक्सर लगता है कि हमारी उम्र कभी नहीं बढ़ती, लेकिन हमें बदलाव को अपनाना चाहिए और अलग-अलग तरह के किरदार निभाने चाहिए। एक ही तरह के काम से होने वाली नीरसता को तोड़ना जरूरी है, क्योंकि लोग आपको बार-बार एक ही रोल में देखकर ऊब जाते हैं। मैं इसके लिए पूरी तरह तैयार नहीं थी, क्योंकि इससे पहले मैंने बहुत ही साधारण और सीधी-सादी लड़कियों के रोल किए थे।



## हॉलीवुड मसाला



### इ्यून पार्ट-3 की रिलीज डेट


# में बदलाव

**नई दिल्ली।** मार्वल स्टूडियोज की अपकमिंग फिल्म एवेंजर्सः डूम्सडे को चीन में भी रिलीज किया जाएगा, जिसकी वजह से इ्यून-3 की रिलीज डेट बदली गई है। 18 दिसंबर को एवेंजर्सः डूम्सडे को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। लेकिन, चीन में ये फिल्म रिलीज से दो दिन पहले बड़े पर्दे पर प्रदर्शित की जाएगी। 16 दिसंबर को मार्वल की एवेंजर्सः डूम्सडे को चीन में आईनॉक्स सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। अब निर्देशक डेनिस विलेन्यूव की इ्यून 3 को करीब दो हफ्ते बाद 31 दिसंबर को चीन में प्रदर्शित किया जाएगा।




# अब डॉक्टर डूम बनकर लौट रहे 'आयरन मैन'

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड मूवी अवेंजर्स डूम्सडे को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त क्रेज है। इस फिल्म की सबसे बड़ी खासियतों में से एक हैं हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर, जिन्होंने कभी आयरन मैन बनकर दुनिया भर के दर्शकों का दिल जीता था। अब वही अभिनेता मार्वल की दुनिया में डॉक्टर डूम बनकर आ रहे हैं। सुपरहीरो से सुपरविलेन बनने का उनका यही सफर फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी बनी हुई है। तभी तो 4600 करोड़ के प्रोडक्शन बजट और 23 से ज्यादा सुपरहीरो वाली फिल्म ने रिलीज से पहले ही 100 मिलियन डॉलर कमा लिए हैं। बता दें कि हॉलीवुड स्टार आरडीजे की उम्र 61 साल है। रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने 2008 में रिलीज हुई फिल्म आयरन मैन से मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरुआत करने में अहम भूमिका निभाई थी।



# '418' चार भाषाओं में होगी रिलीज...

**मुंबई।** फिल्म केजीएफ और सालार के निर्देशक प्रशांत नील तेलुगु हॉरर थ्रिलर '418' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 23 अक्टूबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फिल्म चार भाषाओं में रिलीज होने वाली है। फिल्म के ट्रेलर और स्पेशल स्क्रीनिंग को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। कीर्तन नादगौड़ा के निर्देशन में बनी यह फिल्म दिलचस्प है, क्योंकि यह अपने ओरिजिनल रिलीज प्लान से आगे बढ़ गई है। इस प्रोजेक्ट को सपोर्ट करने वाली मैथरी मूवी मेकर्स ने शुरू में इसे तेलुगु में रिलीज करने का प्लान बनाया था। हालांकि फिल्म को मिले अच्छे रिस्पॉन्स के बाद मेकर्स अब इसे तेलुगु, कन्नड़, तमिल और हिंदी में रिलीज करने वाले हैं। यह फिल्म एक बिल्डिंग के रूम नंबर 418 के राज के इर्द-गिर्द घूमती है।




# खोसला का घोसला-2 की रिलीज डेट बदली

**नई दिल्ली।** फिल्म 'खोसला का घोसला 2' की रिलीज डेट बदल दी गई है। फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर नया पोस्टर शेयर करते हुए इसकी नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। उन्होंने पोस्ट के साथ लिखा, 'सौदा पक्का! खोसला परिवार सिनेमाघरों पर कब्जा करने के लिए तैयार है। 'खोसला का घोसला 2' 5 मार्च 2027 को बड़े पर्दे पर आ रही है।' 'खोसला का घोसला 2' में पहली फिल्म के कई कलाकार एक बार फिर नजर आएंगे। इनमें अनुपम खेर, बोमन ईरानी, रणवीर शौरी, किरण जुनेजा और परवीन डबास शामिल हैं। वहीं, साल 2006 में आई पहली फिल्म का हिस्सा रहीं तारा शर्मा भी इस सीक्वल में नजर आएंगी। जबकि नए कलाकारों में फिल्म से रवि किशन और दिव्य खोसला भी जुड़े हैं। 'खोसला का घोसला' साल 2006 में रिलीज हुई थी।

## टीवी मसाला



# पवन की एंट्री से मची धूम रूलर्स के बीच छिड़ी जंग

**नई दिल्ली।** राइज एंड फॉल' सीजन 2 में काजल और सारा के डबल एविक्शन के बाद शो में मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। गौतम गुलाटी और प्रियंका चाहर चौधरी ने फिलहाल एक-दूसरे से दुश्मनी भुलाकर साथ आने का फैसला किया है। शो के पेंटहाउस में इरीना रुडाकोवा और निहारिका तिवारी के बीच जसवंत बोपन्ना को लेकर चर्चा हुई। घर में यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि जसवंत की निहारिका में रोमांटिक दिलचस्पी है। हालांकि, निहारिका ने इस बात को खारिज कर दिया। घर के दूसरे सदस्यों के बीच भी इस मुद्दे पर चर्चा होती रही। शो में मनोरंजन का तड़का लगाने के लिए भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह टावर पहुंचे। इस खास कार्यक्रम को स्वरा भास्कर और शहजाद पूनावाला ने होस्ट किया। इस दौरान पवन सिंह ने शो में अपने पिछले अनुभव को भी याद किया। उन्होंने कहा, 'मेरा मूड बदलते रहता था। शुरुआती दिनों में पहले दिन लगा कि मेरी सांस रुक जाएगी। मुझे खुले में रहने की आदत है, लेकिन धीरे-धीरे सब ठीक हो गया।' इस कार्यक्रम में निहारिका और जसवंत ने परफॉर्म किया। वहीं, इरीना ने पवन सिंह के साथ डांस किया। करण पटेल और ऋषभ ने रूलर्स और वर्कर्स की नकल उतारकर सभी को खूब हंसाया। मनोरंजन से भरी शाम के बाद शो में खेल फिर शुरू हुआ। इस बार पेंटहाउस में रहने वाले दो रूलर्स को बेसमेंट में भेजने के लिए नॉमिनेशन की प्रक्रिया हुई। नियम के मुताबिक, कंटेस्टेंट्स को विरोधी तिकड़ी के सदस्यों के नाम पर वोट देना था।

## गौरव के हाथ लगा एकता का नया शो

**नई दिल्ली।** गौरव खन्ना अब एकता कपूर के अपकमिंग शो में नजर आएंगे और उनके साथ श्रद्धा आर्या लीड रोल में होंगी। पिछले दिनों ही शो का टीजर जारी किया था और अब दोनों ने सेट पर साथ पूजा की है।



हालांकि, अब तक शो के नाम का ऐलान नहीं हुआ है। हाल ही में शो का टीजर जारी किया गया था और अब श्रद्धा आर्या और गौरव खन्ना ने सेट पर मुहूर्त पूजा के साथ अपने नए शो का आगाज किया है, जिसे लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। सोशल मीडिया पर श्रद्धा आर्या और गौरव खन्ना की कुछ तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें दोनों को अपने नए शो के सेट पर पूजा करते देखा जा सकता है। दोनों ने सेट पर दुर्गा पूजा की रस्में निभाईं और भक्ति में लीन नजर आए। इन तस्वीरों और वीडियो में दोनों सफेद रंग के ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रहे हैं।

# सिनेमा की पहली 'आइटम गर्ल' ने किया था कैबरे डांस, 77 साल पहले आई फिल्म का है ये गीत

*नई दिल्ली। आजकल शादी, पार्टी और गेट-टूगेदर्स में जब डांस सॉन्ग्स की बात आती है तो ज्यादातर आइटम सॉन्ग्स पर ही लोग झूम-झूमकर नाचते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं भारत की पहली आइटम गर्ल कौन थी और उन्होंने 77 साल पहले एक ऐसे गाने पर कैबरे डांस किया था जिस पर उस दौर पर में पार्टी में लोग खूब नाचते थे। सिनेमा की पहली 'आइटम गर्ल' कुकू मोरे ने 77 साल पहले रिलीज हुई फिल्म बरसात के गाने पतली कमर है, तिरछी नजर है में कैबरे डांस किया था। इसमें मोरे ने प्रेमनाथ के साथ शानदार डांस किया था। इस आइकॉनिक ट्रैक को शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने कंपोज किया था, वहीं स्वर कोकिला लता मंगेशकर और मुकेश की जोड़ी ने इसे अपनी शानदार आवाज से सजाया था।*

### हेलेन की मेंटर थीं कुकू

1940 के दशक के बॉलीवुड में डांसिंग की क्वीन मानी जाने वालीं कुकू मोरे एक ऐसी कलाकार थीं, जिन्होंने हेलेन के स्टार बनने से पहले उन्हें गाइड करने में मदद की थी। इतना ही नहीं, उन्हें सिनेमा की पहली आइटम गर्ल भी माना जाता है। कुकू मोरे बॉलीवुड की पहली कैबरे/वैम्प डांस बनीं और उन्हें हिंदी सिनेमा में डांस नंबर कल्चर की शुरुआत करने वाली कलाकार माना जाता है। उनके जबरदस्त डांस मूव्स और लचीलेपन की वजह से उन्हें 'रबर गर्ल' कहा जाता था और वे अपने डांस के लिए अच्छी खासी फीस भी लेती थी।



### बरसात के बारे में

'बरसात' 1949 में रिलीज हुई थी जिसे राज कपूर ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में कपूर और नरगिस की मशहूर जोड़ी के साथ प्रेम नाथ भी थे और इसी फिल्म से एक्ट्रेस निम्मी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी।'बरसात' कपूर के डायरेक्ट की गई शुरुआती बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। इस कामयाबी की वजह से कपूर 1950 में आरके स्टूडियो खरीद पाए।

# शबाना के बेबाक बोल- न नमाज पढ़ती हूं, न धर्म से कोई वास्ता

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी अपनी बेबाक राय और सामाजिक मुद्दों पर खुलकर बोलने के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने धर्म, आस्था और पारिवारिक परवरिश को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसकी चर्चा हो रही है। शबाना ने बताया कि वह मुस्लिम हैं और उन्हें ईद मनाना, उर्दू भाषा और पारंपरिक खानपान पसंद है, लेकिन वह नमाज नहीं पढ़तीं और न ही धर्म से उनका कोई औपचारिक जुड़ाव है। अभिनेत्री के मुताबिक, उनके लिए आस्था पूरी तरह व्यक्तिगत मामला है और इसमें राज्य या सरकार का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। उन्होंने अपने पति और मशहूर गीतकार जावेद अख्तर के नास्तिक विचारों का भी जिक्र किया। शबाना आजमी ने एक बातचीत के कार्यक्रम में अपने परिवार और धार्मिक विचारों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उनके पिता कैफी आजमी नास्तिक थे, जबकि उनकी मां धर्म का पालन तो करती थीं, लेकिन बहुत गंभीरता से नहीं।



अभिनेत्री ने कहा कि उनकी भाषा में 'माशाअल्लाह' और 'इंशाअल्लाह' जैसे शब्द सहज रूप से शामिल हैं। हालांकि उनके पति जावेद अख्तर कभी-कभी इस पर सवाल उठाते हैं। शबाना के अनुसार जावेद उनसे पूछते हैं कि अगर कोई व्यक्ति बार-बार 'प्रभु जी की मर्जी' कहे तो उन्हें कैसा लगेगा। इस पर अभिनेत्री का मानना है कि कुछ शब्द हमारी भाषा और सांस्कृतिक परिवेश का हिस्सा बन जाते हैं। उनका इस्तेमाल हमेशा धार्मिक विश्वास का संकेत नहीं होता। अपने धार्मिक और सांस्कृतिक जुड़ाव के बारे में शबाना आजमी ने स्पष्ट किया कि वह मुस्लिम हैं और अपनी सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी चीजों को पसंद करती हैं। उन्हें ईद का त्योहार, उर्दू भाषा और पारंपरिक खाना अच्छा लगता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उनके परिवार में नमाज पढ़ने की परंपरा नहीं है और धर्म के साथ उनका कोई औपचारिक संबंध नहीं है।


## हॉरर-थ्रिलर से लेकर सस्पेंस-कॉमेडी का मिलेगा मजा

# आज सिनेमाघरों में अलग-अलग जॉनर की सात फिल्में होंगी रिलीज

**नई दिल्ली।** आज सिनेमाघरों में अलग-अलग जॉनर की सात बॉलीवुड फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। इस हफ्ते दर्शकों को क्रिकेट के रोमांच से लेकर पारिवारिक रिश्तों, प्यार, एक्शन, कॉमेडी और खौफनाक रहस्यों तक का अनुभव मिलेगा। अगर आप वीकेंड पर थिएटर में फिल्म देखने की योजना बना रहे हैं, तो इन फिल्मों की कहानी और जॉनर के बारे में जान सकते हैं।

***दूसरा*** *: स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'दूसरा' की कहानी भारतीय क्रिकेट के एक यादगार दौर से प्रेरित है। फिल्म में साल 2002 की नेटवेस्ट सीरीज में भारत की ऐतिहासिक जीत की पृष्ठभूमि दिखाई गई है। लॉर्ड्स के मैदान पर मिली इस जीत ने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के बीच खास जगह बनाई थी। फिल्म इसी ऐतिहासिक घटना के साथ एक युवा लड़की की कहानी को जोड़ती है। क्रिकेट के जुनून, उस दौर के माहौल और भारतीय क्रिकेट में आए बदलावों को पेश करने वाली यह फिल्म खेल पर आधारित कहानियां पसंद करने वाले दर्शकों के लिए दिलचस्प हो सकती है।*

***लिटिल थॉमस*** *: लिटिल थॉमस एक फैमिली ड्रामा है, जिसकी कहानी 1990 के दशक के गोवा में स्थापित है। फिल्म का मुख्य किरदार सात साल का थॉमस है, जो अपने परिवार में एक छोटे भाई की चाहत रखता है। उसकी इस मासूम इच्छा के बाद परिवार में क्या बदलाव आते हैं और रिश्तों पर इसका क्या असर पड़ता है, कहानी इसी के इर्द-गिर्द आगे बढ़ती है। बच्चों की भावनाओं और पारिवारिक रिश्तों को केंद्र में रखने वाली यह फिल्म हल्की-फुल्की और भावनात्मक कहानी देखने वालों को आकर्षित कर सकती है।*





**उड़ता तीर:** अगर आप इस वीकेंड कुछ हल्का-फुल्का और मनोरंजक देखना चाहते हैं, तो 'उड़ता तीर' एक विकल्प हो सकती है। स्पाई कॉमेडी और फैमिली एंटरटेनर के तौर पर पेश की जा रही इस फिल्म में एक ऐसे जासूस की कहानी है, जिसकी गलतियां उसे बड़ी मुसीबत में डाल देती हैं। उसके कारण जासूसी की दुनिया में घटनाओं का ऐसा सिलसिला शुरू होता है, जो कई मजेदार परिस्थितियां पैदा करता है। फिल्म में जासूसी के रोमांच के साथ हास्य का मेल देखने को मिलेगा। परिवार के साथ मनोरंजन की तलाश कर रहे दर्शकों की इसमें दिलचस्पी हो सकती है।

**तू है मेरी किरण** : सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की फिल्म 'तू है मेरी किरण' रोमांस और सस्पेंस का मेल है। फिल्म में दोनों कलाकारों के किरदारों के बीच प्रेम कहानी दिखाई गई है, लेकिन उनका रिश्ता उतार-चढ़ाव और अप्रत्याशित मोड़ों से गुजरता है। कहानी में प्यार के साथ रहस्य का पहलू भी जुड़ा है, जो दर्शकों की उत्सुकता बनाए रखने की कोशिश करेगा। रोमांटिक कहानियों में सस्पेंस और रिश्तों की जटिलताएं पसंद करने वाले दर्शक इस फिल्म को अपनी वीकेंड वॉचलिस्ट में शामिल कर सकते हैं।

***तुम मेरे हो*** *: 'तुम मेरे हो' में प्रेम कहानी को एक्शन और एडवेंचर के साथ पेश किया गया है। फिल्म की कहानी दो प्रेमियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें अपने रिश्ते को बनाए रखने के लिए कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों के बीच उनके रिश्ते की परीक्षा होती है और यह सवाल सामने आता है कि मुश्किल हालात में उनका प्यार कितना मजबूत साबित होगा। रोमांस के साथ तेज रफ्तार घटनाएं और एक्शन पसंद करने वाले दर्शकों के लिए यह फिल्म एक विकल्प हो सकती है।*

***पहला प्यार दूसरी बार*** *: रोमांटिक कॉमेडी 'पहला प्यार दूसरी बार' की कहानी पुराने प्यार के दोबारा जिंदगी में लौटने के विचार पर आधारित है। किसी पुराने रिश्ते की वापसी के बाद जिंदगी पहले जैसी नहीं रहती और नए सवाल खड़े होने लगते हैं। प्यार, दोस्ती और आपसी रिश्तों के बीच पैदा होने वाली उलझनों को फिल्म में रोमांस और कॉमेडी के अंदाज में दिखाया गया है। पहले प्यार से जुड़ी भावनाओं और रिश्तों में आने वाले बदलावों पर आधारित कहानियां पसंद करने वालों को यह फिल्म पसंद आ सकती है।*

## खबर संक्षेप

### डोंगाकोहरौद में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 27 से

**पामगढ़।** समीपस्थ ग्राम डोंगाकोहरौद में मंगलवार 27 अक्टूबर से राम नाम की गूंज सुनाई देगी, जहां अखंड नवधा रामायण का आयोजन रखा गया है । इस आयोजन में सोमवार 26 अक्टूबर को कलश यात्रा निकाली जावेगी। तत्पश्चात 27 अक्टूबर की सुबह से अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ होगा। 4 नवंबर को कथा विश्राम होगी जिसके बाद 5 अक्टूबर को हवन सहस्त्रधारा , ब्राह्मण भोजन के साथ रामायण यज्ञ का समापन होगा। इस बीच 27 अक्टूबर से 4 अक्टूबर तक निरंतर रामचरितमानस की दोहा चौपाइयों का मानस मंडलियों द्वारा गायन के साथ प्रवचन किया जाएगा। अखंड नवधा रामायण आयोजन समिति द्वारा जिले सहित अन्य जिलों की मानस मंडलियों को निमंत्रण दिया गया है तथा उन्हें मानस गायन के लिए आमंत्रित की गई है । यह आयोजन गांव के सचिवालय परिसर पर आयोजित किया गया है। उक्त आयोजन में भाग लेने वाले मानस मंडलियों को समिति द्वारा दूरी के हिसाब से यात्रा व्यय दिया जावेगा। अखंड नवधा रामायण के आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति समस्त ग्रामवासी जुटे हुए है। प्रतिदिन बाहर से आने वाले मानस मंडलियों को भंडारा प्रसाद खिलाया जाएगा तथा उनके रुकने के लिए आवास की व्यवस्था भी की गई है।

### किसानों को जागरुक करने कृषि विभाग चलाएगा जागरुकता कार्यक्रम

**सक्ती।** खेत बचाओ अभियान के तहत कृषि विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जागरुकता कार्यक्रम 22 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 30 नवंबर तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत जिले मे कृषि विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर ग्रामवार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी जाएगी। भारत सरकार के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा कृषि को अधिक सस्टेनेबल, पर्यावरण अनुकूल एवं लाभकारी बनाने के उद्देश्य से 'खेत बचाओ अभियान' का आयोजन 22 अक्टूबर से 30 नवंबर तक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले मे कृषि विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर ग्रामवार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। खेत बचाओ अभियान का प्रमुख उद्देश्य किसानों को मिट्टी परीक्षण के आधार पर उर्वरकों एवं अन्य कृषि आदानों के संतुलित उपयोग के लिए प्रेरित करना है। साथ हीतिलहन, दलहन और बागबानी मिशन के माध्यम से फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना, चावल के परती क्षेत्रों का समुचित उपयोग करना, फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देना और आईइसी गतिविधियों के माध्यम से किसानों को फसल अवशेष जलाने से बचने के लिए जागरूक करना, किसानों को जैविक/जैविक उत्पादों के उपयोग में प्रशिक्षित करना, जागरूकता कार्यक्रमों, प्रशिक्षण और प्रक्षेत्र प्रदर्शनों के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, जल संरक्षण, पुनर्भरण और कटाई के बारे में जागरूकता पैदा करना, स्थायी कृषि तकनीकी को प्रोत्साहित करना आदि जागरुकता कार्यक्रम शामिल है।

### शिवरीनारायण में विराजी मां दुर्गा को नम आंखों से दी गई विदाई

**शिवरीनारायण।** नवरात्रि पर्व के दौरान धर्मनगरी शिवरीनारायण के मेला ग्राउंड स्थित भव्य दरबार में विराजमान शिवरीनारायण की महारानी को गुरुवार शाम 8 बजे नम आंखों से विदाई दी गई। विदाई के इस भावुक पल में श्रद्धालुओं ने मां के प्रति अपनी अटूट आस्था और श्रद्धा व्यक्त की। नवरात्रि के दिनों में मां के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु दरबार पहुंचे थे। पूरे नौ दिनों तक माता की आराधना, भक्ति और धार्मिक आयोजनों से नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। विदाई की घड़ी आते ही भक्तों की आंखें नम हो गईं। श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदा करते हुए अगले वर्ष फिर से नगर में पधारने की कामना की। मां दुर्गा के प्रति लोगों की गहरी आस्था और भावनात्मक जुड़ाव ने विदाई के माहौल को भक्तिमय बना दिया। नवरात्रि के नौ दिनों तक सजे मां के दरबार में उमड़ी श्रद्धा और विदाई के समय भक्तों की भावुकता ने एक बार फिर धर्मनगरी शिवरीनारायण की धार्मिक परंपरा और आस्था को दर्शाया।



## शिवरीनारायण में दशहरा मिलन शरद पूर्णिमा महोत्सव कल

**शिवरीनारायण।** धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी शिवरीनारायण स्थित श्री आनंदम धाम में रविवार 25 अक्टूबर को संत ऋतेश्वर महाराज के सान्निध्य में भव्य दशहरा मिलन समारोह एवं शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दीपों की दिव्य ज्योति, रासमय भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना के अनुपम संगम के रूप में आयोजित यह महोत्सव सनातन संस्कृति, प्रेम, सद्भाव एवं सदगुरु कृपा का अद्भुत उत्सव होगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को संध्या 6 बजे श्री लाडली निकुंज वन में दिव्य महाआरती के साथ होगा। श्री राधा-कृष्ण की प्रत्यक्ष रासलीला स्थली में दीपों की अलौकिक आभा एवं भक्तिमय वातावरण श्रद्धालुओं को दिव्य अनुभूति प्रदान करेगा। इसके पश्चात संध्या 7 बजे से भव्य मंचीय कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें मनमोहक सांस्कृतिक एवं भक्तिमय प्रस्तुतियों के साथ ऋतेश्वर महाराज के अमृतमयी आशीर्वचनों का लाभ प्राप्त होगा।

संध्या 8 बजे दशहरा मिलन समारोह के अंतर्गत प्रेम, सद्भाव एवं आत्मीयता के साथ सामाजिक समरसता तथा आध्यात्मिक एकता का संदेश दिया जाएगा। वहीं रात्रि 9 बजे शरद पूर्णिमा विशेष महाप्रसादम का आयोजन होगा। श्री आनंदम धाम के आयोजक एवं प्रबंधन ने समस्त क्षेत्रवासियों, श्रद्धालुजनों एवं प्रेमीजनों से सपरिवार इस दिव्य महोत्सव में सम्मिलित होकर संत ऋतेश्वर महाराज के दर्शन, सान्निध्य एवं आशीर्वचनों का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

पीवी एप का काम निजी सर्वेयरों से कराए जाने का विरोध, रिकार्ड की शुद्धता पर जताई चिंता

# बेमियादी हड़ताल कर रहे पटवारियों ने काले कपड़े में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अपनी मांगों को लेकर बीते दस दिनों से बेमियादी हड़ताल कर रहे पटवारियों ने 11वें दिन काले पकड़े पहनकर जिला मुख्यालय में रैली निकाली और विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल वे पीवी एप सर्वे में आ रही दिक्कतों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे है। इस दौरान सर्वे का काम निजी सर्वेयरों से कराए जाने का विरोध उनके द्वारा किया गया।

जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे और पीवी एप के माध्यम से फसलों के भौतिक सत्यापन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। निजी सर्वेयरों के माध्यम से पीवी एप का काम कराए जाने की व्यवस्था को लेकर राजस्व पटवारी संघ ने विरोध का मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार 23 अक्टूबर को पटवारी काले कपड़े पहनकर जिला मुख्यालय जांजगीर पहुंचे और यहां रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। पटवारी संघ का कहना है कि फसल सर्वे और सत्यापन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं का समाधान किए बिना वैकल्पिक व्यवस्था लागू करने से किसानों के खेतों में बोई गई फसल की सही जानकारी दर्ज करने में परेशानी आ सकती है। फसल सर्वे का उद्देश्य खेतों में बोई गई फसल की वास्तविक स्थिति का रिकॉर्ड तैयार करना है। इसी जानकारी के आधार पर किसानों के पंजीयन, धान खरीदी की प्रक्रिया तथा फसल बीमा और अन्य कृषि योजनाओं से संबंधित कार्यों में सहायता मिलती है। ऐसे में पीवी एप के माध्यम से होने वाले भौतिक सत्यापन का काम निजी सर्वेयरों से कराने की व्यवस्था पर पटवारी संघ की आपत्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। संघ की प्रमुख चिंता यह है कि खेतों की वास्तविक स्थिति, खसरा नंबर, रकबा और फसल की किस्म का सही मिलान होना जरूरी है। सर्वे के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि होने पर किसानों को भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि पटवारी संघ इससे पहले भी डिजिटल क्रॉप सर्वे और पीवी एप की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा चुका है। संघ के अनुसार, डिजिटल क्रॉप सर्वे में कई खसरों की जानकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण उनके सर्वे में दिक्कतें आ रही है, जिसको लेकर अपनी बातें रखी गई, लेकिन इस दिशा में किसी प्रकार पहल नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किया गया। इन सब बातों का उल्लेख करते हुए पटवारी संघ ने किसान हित को ध्यान में रखते हुए उक्त समस्याओं का निराकरण करने की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।



जिला मुख्यालय में काला कपड़ा पहनकर रैली निकालते पटवारी।




अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पटवारी।

# ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, प्लांट मार्ग पर पांच घंटे चक्काजाम



ग्रामीणों से चर्चा करते प्रबंधन के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

तहसील से बेदखली आदेश के बावजूद किसान की जमीन नहीं छोड़ने के विवाद को लेकर पीड़ित परिवार के साथ ग्रामीणों ने आरकेएम प्लांट के रास्ते पर चक्काजाम कर दिया। उनका आंदोलन दिनभर चला। इस दौरान दोनों ओर गाड़ियों की कतारें लगी रही।

- डभरा क्षेत्र का मामला, प्रबंधन के आश्वासन पर शांत हुआ मामला

शुक्रवार 23 अक्टूबर को सुबह 11 बजे सड़क पर उतरे पीड़ित पक्ष के साथ ग्रामीणों का कहना था कि ग्राम घिवरा निवासी बलराम रात्रे पिता घुमरा रात्रे की पत्नी रुक्मणी रात्रे के नाम पर खसरा नंबर 295/4 में भूमि दर्ज है। राजस्व निरीक्षक की सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर उक्त भूमि पर लगभग 13 मीटर × 14.5 मीटर क्षेत्र में पक्की सड़क तथा पानी निकासी के लिए नाली बनाए जाने का उल्लेख किया गया है। आवेदक पक्ष का आरोप है कि उनकी निजी भूमि पर बिना सहमति कब्जा कर सड़क का निर्माण किया गया है। मामले में तहसीलदार न्यायालय, डभरा द्वारा 9 अक्टूबर 2026 को आदेश पारित किया गया। दस्तावेजों के अनुसार, संबंधित भूमि से कथित अवैध कब्जा हटाने के लिए आर.के.एम. पावर प्लांट प्रबंधन को सात दिवस के भीतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद जमीन खाली नहीं कराए जाने का आरोप लगाते हुए आवेदक पक्ष ने विरोध प्रदर्शन किया। उनका आंदोलन पूरे दिन जारी रहा। बाद में कंपनी प्रबंधन की ओर से प्लांट हेड हरिनाथ चक्रवर्ती मौके पर पहुंचे। उन्होंने आवेदकों की समस्या का निदान किए जाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद चक्काजाम समाप्त कर दिया गया। चक्काजाम समाप्त होने के बाद सड़क पर वाहनों की आवाजाही सामान्य करने की प्रक्रिया शुरू हुई।

# अर्जुनी फोरलेन से लेकर कोटमी सोनार तक सड़क निर्माण शुरू



निरीक्षण के दौरान चर्चा करती जिला पंचायत अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अर्जुनी फोरलेन से रसेड़ा और कल्याणपुर होते हुए कोटमी सोनार तक नवीन सड़क निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ), जांजगीर से इस कार्य के लिए 7 करोड़ 18 लाख 76 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

- डीएमएफ से 7.18 करोड़ रुपये स्वीकृत, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मीरी ने किया निरीक्षण

पूर्व विधायक अकलतरा एवं छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद प्रकाश मीरी के प्रयासों से स्वीकृत इस सड़क परियोजना को क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बढ़ाने और विकास को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। निर्माण कार्य का निरीक्षण करने जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता मीरी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने तथा निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सड़क निर्माण निर्धारित प्राक्कलन और तकनीकी मापदंडों के अनुरूप होना चाहिए। गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोटमी सोनार स्थित क्रोकोडाइल पार्क क्षेत्र का प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। अर्जुनी फोरलेन से रसेड़ा, कल्याणपुर होते हुए कोटमी सोनार तक सड़क बनने से ग्रामीणों के साथ पर्यटकों को भी आवागमन में सुविधा मिलेगी। इससे क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी मजबूत होने के साथ पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर इंजी. सत्यलता मीरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सहित बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए कार्य कर रही है। डीएमएफ मद से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत यह परियोजना ग्रामीणों के लिए उपयोगी साबित होगी। उन्होंने निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने और इसे तय समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने पर जोर दिया।निरीक्षण के दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री सुबोध थवाईत, युवा मोर्चा जिला मंत्री अनुराग मधुकर, अनुसूचित जाति मोर्चा महामंत्री सूरज सांडे, सरपंच जानकी बाई, सुरेश सिंह राज, पंच प्रफुल्ल कुमार, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता विजय मांडवे, एसडीओ सुनील पुरे, इंजीनियर धीरेंद्र कश्यप सहित ठेकेदार के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं का जत्था ओडिसा रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सक्ती जिले के मालखरौदा ब्लॉक से वृद्धजनों का एक जत्था पुरी कोणार्क भुवनेश्वर तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ। जनपद पंचायत मालखरौदा परिसर से 60 वर्ष से अधिक उम्र के बीपीएल कार्डधारी वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा बस द्वारा सक्ती रेलवे स्टेशन के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कविशरण वर्मा, जनपद सीईओ तेजेश्वर यादव, जनपद



उपाध्यक्ष रितेश साहू तथा मनोज सक्सेना ने संयुक्त रूप से बस को झंडी दिखाकर तीर्थयात्रियों को शुभकामनाओं के साथ विदा किया।तीर्थ यात्रा पर गए इस जत्थे में कुल 41 सदस्य शामिल हैं। इनमें मालखरौदा ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों के बीपीएल वर्ग के वरिष्ठ नागरिक, अड़भार नगर पंचायत क्षेत्र के 5 वृद्धजन तथा व्यवस्था संचालन के लिए जनपद पंचायत के 4 कर्मचारी शामिल हैं।जनपद प्रतिनिधियों ने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का पुण्य लाभ दिलाने का एक सराहनीय प्रयास है। बस रवाना होते समय उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं परिजनों ने तीर्थयात्रियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर उनकी सुखद व मंगलमय यात्रा की कामना की।

